Regarding development of tourism, industrial growth and employment opportunities in Kushinagar District, Uttar Pradesh- Laid

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) **:** आज़ मैं सरकार का ध्यान कुशीनगर जनपद की एक अत्यंत महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । कुशीनगर एक ऐतिहासिक, धार्मिक, बौद्ध सर्किट एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं| पर्यटन के क्षेत्र मे रोजगार की अपार संभावनाएं हैं | यहाँ बौद्ध देशों से अनगिनत पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं | कुशीनगर मे औद्योगिक विकास की भी बहुत संभावनाएं हैं, परन्तु उद्योग नहीं होने के कारण स्थानीय युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त नहीं हो पाते, और उन्हें रोज़गार की तलाश में महानगरों का रुख करना पड़ता है । कुशीनगर में कृषि आधारित उद्योग, फूड-प्रोसेसिंग इकाइयाँ, एमएसएमई सेक्टर, पर्यटन-सेवा उद्योग तथा स्किल-डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाने की अपार संभावनाएं हैं । यदि इन क्षेत्रों में केंद्र सरकार विशेष योजना, औद्योगिक प्रोत्साहन, निवेश सहयोग तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था सुनिश्चित करे, तो यहाँ बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल सकेगा और आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी । अतः, विनम्र अनुरोध है कि कुशीनगर में पर्यटन विकास, औद्योगिक एवं रोजगार आधारित विकास योजनाओं को प्राथमिकता देने हेतु संबंधित मंत्रालय आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे।